अनुक्रमांक [ ][ ][ ][ ][ ] **E** APS-(901) Hindi

# वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25

## कक्षा – 9

## विषय – हिन्दी

**समय : 3½ घण्टे** **पूर्णांक : 100**

### भाग - अ

1. **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए—** 8

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का पुस्तकों के संबंध में एक वाक्य था–"पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है क्योंकि पुस्तकें हमारे अंत:करण को उज्जवल करती है।" नि:संदेह किताबों से बड़ा कोई मित्र नहीं होता है। बालकों के व्यक्तित्व विकास में भाषा तथा कल्पना शक्ति के विकास का बड़ा महत्त्व है। यदि बालक अच्छे साहित्य का अध्ययन करता है तो उसमें नैतिक गुण स्वत: ही उत्पन्न हो जाते है।

पुस्तक और पुस्तकालय का सीधा नाता है। पुस्तकालय वह स्थान है, जहां मानव न केवल बौद्धिक तृप्ति अपितु मानसिक शांति और सुकून प्राप्त करता है। पुस्तकालय उस जल प्रपात के समान है जिसमें निकलने वाली ज्ञानरूपी सरिता समूचे विद्यालय परिवार व समाज को अभिचिंचित करती हुई, स्वस्थ राष्ट्र व स्वस्थ समाज का निर्माण करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यालय सच्चे अर्थों में संस्कृति का मंदिर केवल तभी बन जाता है जब उसमें चार देवता प्रतिष्ठित हो यथा मातृभूमि, मनुपथ, पुस्तक और मातृभाषा।

(i) गद्यांश का उचित शीर्षक है—
(अ) महात्मा गांधी और पुस्तक (ब) पुस्तकालय का महत्त्व
(स) विद्यालय संस्कृति का मन्दिर (द) मातृभूमि का विकास [ ]

(ii) मानव को बौद्धिक तृप्ति व मानसिक शांति कहाँ मिलती है ?
(अ) पुस्तकालय में (ब) मंदिर में (स) यात्रा में (द) घर में [ ]

(iii) पुस्तकों का मूल्य किससे अधिक है ?
(अ) सोने से (ब) लोहे से (स) रत्नों से (द) मंदिर से [ ]

(iv) उज्जवल शब्द का सही संधि विच्छेद होगा ?
(अ) उप + ज्वल (ब) उत् + ज्वल (स) उज् + ज्वल (द) उम् + ज्वल [ ]

(v) स्वस्थ राष्ट्र व स्वस्थ समाज निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका किसकी है ?
(अ) पुस्तकालय की (ब) मातृभूमि की (स) बालक की (द) जल प्रपात की

(vi) बालकों में नैतिक गुणों का विकास कैसे संभव है ?
(अ) खेल से (ब) फिल्मों से
(स) नृत्य से (द) अच्छे साहित्य अध्ययन से [ ]

(vii) अभिसिंचित शब्द में उपसर्ग है ?
(अ) अ (ब) अभि (स) अधि (द) सिंचित [ ]

(viii) विद्यार्थी का सबसे बड़ा मित्र है ?
(अ) धन (ब) जमीन (स) सहपाठी (द) पुस्तक [ ]

2. **निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए—** 7

नीलाम्बर परिधान हरित पट पर सुन्द है।
सूर्य चन्द्र युग-मुकुट मेखला रत्नाकर है।
नदियाँ प्रेम-प्रवाह, फूल तारा-मण्डल है।
बन्दीजन खग-वृन्द, शेष-फन सिंहासन है।
करते अभिषेक पयोद है, बलिहारी इस देश की।
हे मातृभूमि! तू सत्य ही सगुण मूर्ति सवैश की।।
जिसकी रज में लोट-लोटकर बड़े हुए हैं।
घुटनों के बल सरक-सटककर खड़े हुए है।
परमहंस सम बाल्यकाल में सब सुख पाये।
जिसके कारण धूल-भरे हीरे कहलायें।
हम खेले-कूदे हर्षयुत, जिसकी प्यारी गोद में।
हे मातृभूमि! तुझको निरख क्यों न हो मोद में।।

P.T.O.

(i) कवि किसके बारे में वर्णन कर रहा है ?
(अ) मातृभूमि (ब) बचपन (स) देवभूमि (द) नीलाम्बर [ ]

(ii) कवि ने पृथ्वी का परिधान किसको बताया है ?
(अ) रत्नाकार को (ब) नीलाम्बर को (स) चन्द्र को (द) नदियों को [ ]

(iii) धूलभरे हीरे किसे कहा गया है ?
(अ) मातृभूमि की अमूल्य संतान को (ब) धूल मिट्टी उड़ाने वाले
(स) धूल में खेलने वाले (द) धूल से भरे हीरे। [ ]

(iv) मातृभूमि का सिंहासन किसे बताया गया है ?
(अ) नीलाम्बर को (ब) तारामण्डल को
(स) रत्नाकर को (द) शेषनाग के फन को [ ]

(v) ''करते अभिषेक पयोद है'' पयोद शब्द का अर्थ है—
(अ) सागर (ब) बादल (स) नदियाँ (द) अमृत [ ]

(vi) उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक है—
(अ) नीलाम्बर (ब) मातृभूमि
(स) बलिहारी इस देश की (द) प्राकृतिक सौंदर्य [ ]

(vii) 'नीलाम्बर' शब्द में कौनसा समास है—
(अ) कर्मधारय समास (ब) बहुब्रीहि समास
(स) द्विगु समास (द) तत्पुरुष समास

**3. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 300-500 शब्दों में एक निबन्ध लिखिए—** 6

(i) पर्यावरण प्रदूषण व सरंक्षण—(अ) प्रस्तावना (ब) पर्यावरण प्रदूषण के कारण (स) पर्यावरण प्रदूषण संरक्षण के उपाय (द) उपसंहार

(ii) जनसंख्या वृद्धि समस्या एवं समाधान—(अ) प्रस्तावना (ब) जनसंख्या वृद्धि के कारण (स) जनसंख्या नियंत्रण के उपाय (द) उपसंहार

(iii) भारतीय नारी : कल और आज—(अ) प्रस्तावना (ब)बीते कल व आज की नारी (स) भविष्य की नारी (द) उपसंहार

(iv) जल है तो जीवन है—(अ) प्रस्तावना (ब) जल संरक्षण की आवश्यकता (स) जल संकट के दुष्परिणाम (द) जल संरक्षण के उपाय (य) उपसंहार

4. आपका नाम मोहन यादव निवासी जयपुर है। जालोर निवासी अपने मित्र सुरेश मीणा को शिक्षा में खेलकूद के महत्व को समझते हुए पत्र लिखें। जिससे आपके मित्र में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक उमंग का भाव जगे। **अथवा** 5

आपका नाम अनिशा बानो है और आपकी सहेली का नाम वैशाली है। आप दोनों कक्षा नवम् की छात्रा है। मिशन चन्द्रयान-03 पर 50 शब्दों के संवाद लिखिए।

5. अपने विद्यालय में मनाए गये वार्षिकोत्सव (तरंग) पर 100 शब्दों में प्रतिवेदन (रिपोर्ट) लिखिए। 4

## खण्ड - ब

**3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—** 8×1=8

(i) 'प्रतिक्षण' शब्द में उपसर्ग .......... है।

(ii) शब्दांश जो किसी शब्द के अन्त में जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन ला देते हैं उन्हें .......... कहते हैं।

(iii) साहस में ...... विशेषण है। (iv) परसर्ग 'ने' का प्रयोग ....... कारक में होता है।

(v) मुख्यत: वाक्य के ......................... अंग होते हैं।

(vi) ''<u>वर्षा</u> हो रही है'' रेखांकित शब्द ............ लिंग है।

(vii) हिन्दी में प्रत्यय के ........... भेद होते हैं। (viii)परसर्ग को ही ........ कहते हैं।

7. उन्नति व उपकार के विलोम शब्द लिखिए। 1

8. श्रुति समभिन्नार्थक शब्द लिखो—(i) अलि ........ (ii) आलि .......... 1

9. सरल वाक्य की परिभाषा लिखिए। 1

10. सूर्य व अग्नि के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। 1

11. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए— 1

(i) अंधे की लाठी होना। (ii) आस्तीन का साँप होना

## खण्ड - स

**12. गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए—** 6

तुम फोटो का महत्त्व नहीं समझते। समझते होते तो किसी से फोटो खिंचाने के लिए जूते मांग लेते। लोग तो माँगे के कोट से वर दिखाई करते हैं और मांगे की मोटर से बारात निकालते हैं। फोटो खिंचवाने के लिए बीवी तक माँग ली जाती है, तुम से जूते माँगते नहीं बने। तुम फोटो का महत्त्व नहीं जानते। लोग तो इत्र चुपड़कर फोटो खिंचवाते है। जिससे फोटो में खुशबू आ जाए। गन्दे से गन्दे आदमी की फोटो भी खुशबू देती है।

(i) "तुम फोटो का महत्त्व नहीं समझते।" लेखक ने यह किसके लिए कहा है ?
(ii) लोग सुन्दर फोटो खिंचवाने के लिए क्या-क्या करते हैं ?
(iii) 'तुम से जूते ही मांगते नहीं बने।' लेखक का यह कथन प्रेमचंद के किस गुण की ओर संकेत करता है।
(iv) 'गंदे से गंदे आदमी की फोटो भी खुशबू देती है।' निहित व्यंग्य स्पष्ट कीजिए।
(v) प्रेमचंद फोटो का महत्व क्यों नहीं समझते ?
(vi) लोग क्या चुपड़कर फोटो खिंचवाते हैं और क्यों ?

**अथवा**

एक दिन उन्होंने कहा महादेवी तुम कविता लिखती हो ? तो मैने डर के मारे कहा, 'नहीं'। अन्त में उन्होंने मेरी किताबों की तलाशी ली और बहुत-सा निकल पड़ा उसमें से। तब जैसे किसी अपराधी को पकड़ते हैं, ऐसे उन्होंने एक हाथ में कागज लिए और एक हाथ में मुझे पकड़ा और पूरे हॉस्टल में दिखा आई कि ये कविता लिखती है। फिर हम दोनों की मित्रता हो गई। क्रॉस्थवेट में एक पेड़ की ढाल नीची थी। उस डाल पर हम लोग बैठ जाते थे और लड़कियाँ खेलती थी तब हम लोग तुक मिलाते थे।"

(i) महादेवी ने सुभद्रा से झूठ क्यों बोला ? (ii) क्रॉस्थवेट क्या है ?
(iii) क्रॉस्थवेट की क्या विशेषता थी ?
(iv) जब सब खेलते थे, उस समय लेखिका क्या करती थी ?
(v) सुभद्रा जी ने किसकी तलाशी थी ? (vi) सुभद्रा जी पूरे हॉस्टल में क्या दिखा आई ?

13. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए— 6

बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर गुहार की,
बरस बांद सुधि लीन्ही
बोली अकुलाई लता ओर हो किवार की,
हरसाया ताल लाया पानी परात भर के।
मेघ आए बड़े बन ठन के संवर के।
क्षितिज अटारी गहराई दामिनी दमकी,
क्षमा करो गाँठ खुल गई भरम की,
बाँध टूटा झर झर मिलन के अश्रु दरके।
मेघ आए बन ठन के संवर के।

(i) बूढे पीपल ने किसकी गुहार (मनुहार) की है ?
(ii) इस पद्यांश में नव वधू का प्रतीक कौन है ?
(iii) 'बरस बाद सुधि लीन्ती' ये शब्द किसने किसको कहे ?
(iv) इस पद्यांश का मुख्य विषय क्या है ?
(v) पद्यांश में ताल किसका प्रतीक है ?
(vi) पद्यांश के रचनाकार का नाम लिखें।

**अथवा**

काम पर क्यों जा रहे है बच्चे ?
क्या अंतरिक्ष में गिर गई है सारी गेंदे
क्या दीमकों ने खा लिया है
सारी रंग बिरंगी किताबों को
क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए है सारे खिलौने
क्या किसी भूकम्प में ढह गई है
सारे मदरसों की इमारतें

क्या सारे मैदान सारे बगीचे और घरों का आंगन
तो फिर बचा ही क्या है इस दुनिया में ?

(i) इस कविता में किस समस्या की ओर इशारा किया गया है ?
(ii) कवि गेंदों व किताबों के खत्म होने का प्रश्न उठाकर क्या कहना चाहता है ?
(iii) कवि किताबे, गेंद, खिलौने, मदरसे, मैदान, बगीचे किसके लिए चाहता है ?
(iv) तो फिर बचा ही क्या है ? किस चिंता की ओर इशारा है ?
(v) काले पहाड़ शब्द में विशेषण शब्द कौनसा है ?
(vi) इस पद्यांश के रचनाकार का नाम लिखिए।

14. निम्नलिखित अति लघुत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिए— 9×1=9
(i) ''ल्हासा की ओर'' यात्रा वृत्तान्त में लेखक ने कहाँ की यात्रा का वर्णन किया है?
(ii) ''उपभोक्तावाद की संस्कृति'' निबन्ध के लेखक कौन है ?
(iii) 'प्रेमचन्द के फटे जूते' पाठ के आधार पर प्रेमचंद के व्यक्तित्व की विशेषताएँ लिखिए ?
(iv) इस संसार में सच्चा संत कौन कहलाता है ?
(v) ब्रजभूमि के प्रति रसखान का प्रेम किन रूपों में व्यक्त हुआ है ?
(vi) पाहुन ज्यों आए हो गाँव में शहर के कवि सर्वेश्वर दयाल सक्सेना ने उक्त कथन किसके लिए कहा है ?
(vii) बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों में कौन-कौनसी बीमारियों के फैलने की आशंका रहती है ?
(viii) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के लेखक कौन है ?
(ix) 'इस जल प्रलय में' कहाँ की बाढ़ का वर्णन किया गया है ?

15. निम्नलिखित लघुत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिए— 7×2=14
(i) लेखिका महादेवी वर्मा ने अपनी माँ के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?
(ii) ''जूता हमेशा टोपी से किमती रहा है'' उक्त कथन में निहित व्यंग्य को स्पष्ट करो ?
(iii) छोटी बच्ची को बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया ?
(iv) 'क्षमा करो गाँठ खुल गई अब भरम की' उक्त कथन का भाव स्पष्ट कीजिए।
(v) ''काम पर क्यों जा रहे हैं बच्चे'' उक्त कथन के लिए लेखक ने क्या-क्या तर्क दिए।
(vi) ''मृदुला गर्ग'' की माँ के व्यक्तित्व की विशेषताएँ लिखिए।
(vii) ''रीढ़ की हड्डी'' एकांकी के आधार पर उमा की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

निम्नलिखित दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए— 3×1=3

16. 'शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है'। इस दिशा में लेखिका मृदुला गर्ग के प्रयासों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

''रीढ़ की हड्डी'' एकांकी का क्या उद्देश्य है ? लिखिए।

17. वर्तमान समय में वेशभूषा के प्रति लोगों की सोच में आज क्या-क्या परिवर्तन में आए हैं ?

**अथवा** 3×1=3

''ग्राम श्री'' कविता के आधार पर गाँव की प्राकृतिक सौन्दर्य का वर्णन अपने शब्दों में लिखो।

18. सुमित्रानंदन पंत के जीवन व कृतित्व पर प्रकाश डालिए। **अथवा** 4×1=4
प्रेमचंद के जीवन व कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

19. 'शायद वह सपना सत्य हो जाता तो भारत की कथा कुछ ओर होती' महादेवी वर्मा के उक्त कथन का आशय स्पष्ट कीजिए। **अथवा** 5×1=5
''बच्चों का काम पर जाना धरती के एक बड़े हादसे के समान है'' लेखक राजेश जोशी के ऐसा कहने का भाव स्पष्ट कीजिए।

20. आपने भी देखा होगा की मीडिया द्वारा प्रस्तुत की गई घटनाएँ कई बार समस्याएँ बन जाती है, ऐसी किसी घटना का उल्लेख कीजिए। **अथवा** 5×1=5
'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के मुख्य पात्र उमा और शंकर का चरित्र चित्रण कीजिए।

❑❑❑